AnandNiketan
Maninagar Campus

Syllabus : P.T 1 (40 Marks – Written) (Weightage : 5marks) पद्य१.साखी गद्य१.बड़े भाईसाहब व्याकरण : १.शब्द-पद २. अशुद्धि- शोधन ३. मुहावरे	S.E.A (5 Marks) श्रवण - कौशल ग्रीष्मावकाश गृहकार्य	Multiple Assessment (5 Marks) चित्र - वर्णन	Notebook (5 Marks) Completion of work Timely submission Neatness Index/Cover Correction work	Total Marks (20 Marks)

Name :	Subject : हिंदी	Date : 19/7/19
Grade : X	Periodic Test - 1	Practice Worksheet

खंड - क

प्रश्न-१. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :

व्यापारिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के नमूने में से एक है असली के स्थान पर नकली माल बेचना और मिलावट | बेईमानी से नकली माल बेचने में कुछ लोग अच्छों - अच्छों के कान काटते हैं | कोई चीज़ बनकर बाज़ार में प्रसिद्धि प्राप्त भी नहीं पाती कि उसकी नकल पर तैयार की गई नकली वस्तुओं की भरमार हो जाती है | खाद्य पदार्थों में मिलावट की तो जितनी भी निंदा की जाए, कम है | धूर्त लोगों को थोड़े से स्वार्थ के लिए घोड़े की लीद, गेरु, खड़िया, बजरी आदि अखाद्य मिलाकर उनका स्वास्थ्य चौपट करते जरा भी शर्म नहीं आती | ऐसा नहीं है कि शासन को इस तथ्य का ज्ञान न हो , किन्तु रिश्वत देवी की कृपा से इन भ्रष्टाचारी दुकानदारों का बाल भी बाँका नहीं होता | वे जानते हैं कि कब किसकी मुट्ठी गर्म होनी चाहिए, फिर भाड़ में जाए देश और देशवासी | मिलावट के विषय में कही जाने वाली यह उक्ति गलत नहीं है कि
“ अब तो विष भी शुद्ध नहीं मिलता |
जिन विभागों का लोगों पर देश में व्यवस्था कायम रखने और अन्याय मिटाने का उत्तरदायित्व है, भ्रष्टाचार के देवता की कृपा से वे अव्यवस्था और अन्याय को बढ़ाने में ही अधिक योगदान करते हैं |

प्रश्न - १. व्यापार में भ्रष्टाचार का कैसा रूप दिखाई देता है ?
२. खाद्य में क्या अखाद्य मिलाए जाते हैं ? क्यों ?
३. भ्रष्टाचारी लोगों का बाल बाँका क्यों नहीं हो पाता ?
४. गद्यांश में प्रयुक्त मुहावरे‘ मुट्ठी गर्म करना’ का क्या अर्थ है ? लिखिए |

प्रश्न-२.निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए |

सहिष्णुता, क्षमा का है महत्त्व ही क्या
करना ही आता नहीं जिसको प्रहार है?
करुणा, क्षमा को छोड़ और क्या उपाय उसे
ले ना सकता जो वैरियों से प्रतिकार है ?
सहता प्रहार कोई विवश , कदर्थ जीव
जिसको नसों में नहीं पौरुष की धार है
करुणा, क्षमा क्लीव जाति के कलंक घोर
क्षमता क्षमा की शूरवीरों का श्रृंगार है
चोट खा सहिष्णु वो रहेगा किस भांति, तीर
जिसके निषंग में, करों में दृढ चाप है
जेता के विभूषण सहिष्णुता - क्षमा है, किन्तु,
हारी हुई जाति की सहिष्णुता अभिशाप है |

१. शत्रु के प्रहार को कौन लग सहते हैं ?

२. कवि ने किन लोगों की सहिष्णुता और क्षमा जैसे मानवीय बताया है ?

३. क्षमा को शूरवीरों का श्रृंगार क्यों कहा है ?

खंड - ख

प्रश्न-३. (i) शब्द और पद की परिभाषा लिखकर उनके बीच के अंतर को उदाहरण सहित समझिए |

(ii) शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है ?उदाहरण देकर समझाइए | (२०१८)

प्रश्न-४. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए -

(i) वह अनुत्तीर्ण होकर परीक्षा में फेल हो गया
(ii) सारे देश के नागरिक कर्तव्यनिष्ठ हैं |
(iii) आपके बात सुनकर मैं विस्मय हूँ |
(iv) मुझे केवल यही पुस्तक चाहिए |
(v) वह गुनगुने गर्म पानी से स्नान करता है | (२०१७)
(vi) अपराधी को मृत्युदंड की सज़ा मिलनी चाहिए | (२०१७)
(vii) जो मैंने करा वह तुम कभी नहीं कर सकते | (२०१८)
(viii) उसकी तो अक्ल मर गई | (२०१८)
(ix) उस पर घड़ों पानी गिर गया | (२०१८)
(x) मैं सादरपूर्वक निवेदन करता हूँ | (२०१८)

प्रश्न-५. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो |

चुल्लू भर पानी देने वाला , अंधे के हाथ बटेर लगना , लोहे के चने चबाना,

खंड - ग

प्रश्न-६.पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

(क) दूसरी बार पास होने पर छोटे भाई के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया ?

(ख) छोटे भाई की हिम्मत क्यों बढ़ गई ? (२०१७)

(ग) बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों ? (२०१७)

(घ) मैदान का आकर्षण छोटे भाई को कहाँ ले जाता था और क्या करवाता था ?(२०१५)

(ङ) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे? (२०१२)

प्रश्न- ७. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

(क) दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है ? (२०१७)

(ख) कबीर की उद्धृत साखियों की भाषा की विशेषता स्पष्ट कीजिए ?

(ग) कबीर की साखी के आधार पर बताइए कि इश्वर वस्तुतः कहाँ है ? हम उसे क्यों नहीं देख पाते ? (२०१८)

(घ) कबीर के अनुसार सच्चा ज्ञान क्या है ?

(ङ) कबीर के अनुसार दुखी व्यक्ति कौन है ? (२०१६)

(च) 'पोथी पढ़ - पढ़' कर भी ज्ञान प्राप्त न होने से कबीर का क्या तात्पर्य है ? (२०१५)

(च) कबीर के अनुसार निंदक कौन होता है ? उन्होंने उसे अपना सबसे बड़ा शुभचिंतक क्यों माना है ? (२०१४)

खंड -घ

प्रश्न-८. (क)आधुनिक राजनीति पर दो मित्रो क बीच संवाद लिखिए |

(ख) स्वच्छता अभियान के बारे में अध्यापक और अविभावक के बीच संवाद लिखिए | (२०१७)

प्रश्न-९. (क)बढ़ती महँगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए |

(ख) आपके बचत खाते का ए.टी.एम. कार्ड खो गया है | इस सम्बन्ध में तत्काल उचित कार्यवाही करने हेतु बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए | (२०१८)

------ समाप्त-----